NEWS इन ब्रीफ

### अज्ञात बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य रोड के नहर मोड़ पर गुरुवार को अज्ञात बाइक के धक्के से लंगरकोट गांव निवासी लालमोहन शर्मा के 15 वर्षीय पुत्र दिलेर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि उक्त किशोर साइकिल से जपला आ रहा था। उसी क्रम में उसको अज्ञात बाइक सवार ने साइकिल सवार को धक्का मारकर भाग निकला और वह घायल हो गया।

### चौक चौराहों में किया अलाव की व्यवस्था

**हरिहरगंज।** शहर में बढ़ रही ठंड के बाद लोगों को राहत देने के उद्देश्य से हरिहरगंज नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है। गुरुवार को कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण के द्वारा हरिहरगंज शहर में अलाव की व्यवस्था की गयी। जहां लोग ने ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं। विदित हो कि पिछले 2 दिनों से हरिहरगंज का तापमान काफी गिर गया है। मालूम हो कि समाजसेवी राजीव रंजन के द्वारा नगर प्रशासन से अलाव व्यवस्था जल्द कराने की मांग की गयी थी। मौके पर नगर पंचायत सीओ विचित्र सिंह, बड़ा बाबू सरजू बैगा, नाजिर अलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

### ग्राहक सेवा केंद्र में हुई लूट

**नावा बाजार।** एनएच 98 किनारे चल रहा ग्राहक सेवा केंद्र से बाइक सवार चार अज्ञात लुटेरे ने दिनदहाड़े हथियार के दम पर डेढ़ से दो लाख रुपये लूटकर ले गये। चारों लुटेरे दो बाइक से मेदिनीनगर की ओर फरार हो गये। यह घटना 3:30 बजे की है ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के पिता अशोक साहू के अनुसार बाइक सवार चार लुटेरे भीड़ नहीं होने के कारण मेरे छोटे पुत्र को हथियार का भय दिखाते हुये पैसा लूट ले गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची नावा बाजार पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### सरस्वती शिशु में मना गणित दिवस

**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल रमेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने गणित विषय के ऊपर अनेक प्रकार की प्रस्तुतियां स्कूली बच्चों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित प्रिंसिपल रमेश कुमार सिंह ने कहा कि गणित एक ऐसा विषय है, जिसे अगर बच्चे समझ कर पढ़ेंगे तो जीवन में कभी नहीं भूलेंगे।

# सुदूरवर्ती इलाकों तक पहुंचेगा खाद आपूर्ति विभाग का विकास : रुद्र

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मनातू प्रखंड के प्रखण्ड मुख्यालय ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद आपूर्ति विभाग की बैठक आहूत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित्त सह खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराँव के प्रतिनिधि सह पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधान सभा रूद्र शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनातू प्रखण्ड अंचला अधिकारी सह खाद्धआपूर्ति पदाधिकारी शेखर वर्मा , एजीएम देवप्रिये आदि वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला ने कहा कि मनातू प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों तक जाकर खाद आपूर्ति विभाग की संबंधित समस्याओं को दूर करने का निर्णय झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उराँव ने लिया है। इसी उद्देश्य से मुझे अपना प्रतिनिधि घोषित किया है। जिससे मनातू प्रखंड से सुदूरवर्ती इलाकों में जाकर आम जनता के खाद आपूर्ति जन समस्याओं, राशन कार्ड संबंधित समस्याओं को दूर किया जा सके। इसी के तहत आज यह बैठक समीक्षा के रूप में बुलाई गई है जिसके माध्यम से आम जनता को सीधा लाभ मिल सके। जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक का मूल उद्देश था कि आम जनता भी डीलर से जो अपेक्षा रखती है। उस अपेक्षा पर सभी डीलर खरा उतरेंगे। जो व्यक्ति या पदाधिकारी इस कार्य मे दोषी पाये जायेंगे उनपर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर युवा साथी मनोज यादव, चंदन कुमार गुप्ता, मोहमद अलिम अंसारी, तहसील प्रखंड के प्रोफेशनल कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर मेहता, प्रखंड युवा अध्यक्ष प्रकाश रंजन शुक्ला, इंद्रदेव तिवारी, बैजनाथ सिंह, अरविंद कुमार छोटू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं को गति देना बैठक का मुख्य उद्देश्य : प्रखंड प्रमुख

# प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीसी की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। जबकि संचालन बीडीओ रतन कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में मनरेगा, 15वीं वित्त योजना, बिजली ,पेयजल, स्वच्छता,स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग समेत विकास योजनाओं से जुड़ी सभी विभागों की समीक्षा की गई।बिजली बिल में गड़बड़ी व समय पर उपभोक्ताओं को बिल नहीं मिलने के कारण गरीब को होने वाली परेशानी पर कई सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ससमय उपभोक्ताओं को बिजली बिल उपलब्ध कराने की बात कही।हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओ पर चर्चा हुई। कई पंसस सदस्यों ने अस्पताल में मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर रोष प्रकट किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए विकास कार्य को गति देना है। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के बीपीएम विभूति कुमार, डॉक्टर विनेश



राम, उप प्रमुख इंदु देवी, पंसस अजीत कुमार , मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ,पोलडीह पंचायत मुखिया संजू देवी, बड़ेपुर मुखिया सुषमा देवी, सीताराम सिंह एएसआई हुसैनाबाद थाना, मनरेगा जेई नीरज कुमार गुप्ता,अरुण कुमार यादव, प्रखंड बीपीओ विष्णु कांत मिश्रा ,जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार ,दधिवल प्रसाद,महूदण्ड मुखिया मीना देवी, पंचायत सचिव वशिष्ठ तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, पंसस प्रदीप पासवान, बद्री नारायण सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम,उदय सिंह समेत कई पंचायत प्रतिनिधि व विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# एलएचएस वर्क अंडरपास ब्रिज को लेकर 5 घंटे तक परिचालन रहा बंद

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** डेहरी-आन-सोन व गढ़वा रोड रेलखंड के बीच स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप स्थित फाटक संख्या-55 के एलएचएस वर्क (अंडरपास ब्रिज) के लिए गुरुवार को डाउन लाइन पर यात्री व मालगाड़ियों का परिचालन 5 घंटे तक बंद रहा। इससे पहले 18 दिसंबर को अप लाइन का भी यह काम पूरा कर लिया गया था। इस कार्य में कई भारी मशीनों का प्रयोग किया गया। इस कारण संबंधित रेलवे फाटक से आवाजाही बंद रही। इससे सिंचाई कॉलनी, प्रखंड और अंचल कार्यालय, बिजली सब स्टेशन, सीएचसी, अनाज गोदाम के साथ ही वाहनों से थाने पर आने-जाने वाले को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। स्थानीय स्टेशन के एसएस संजय कुमार ने बताया कि इस वर्क को लेकर उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अपराह्न 2.5 से 7.5 बजे तक डाउन लाइन को ब्लॉक रखा गया था। मौके पर डीडीयू मंडल के सीनियर डीईएन मोहित कुमार, एडीआरएम राकेश कुमार रौशन, एरिया औफिसर एके श्रीवास्तव व करकट्टा स्टेशन के एसएस संजय कुमार सहित काफी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे।

## क्रिसमस गेदरिंग का किया आयोजन

**मेदिनीनगर।** चियांकी के सेक्रेड हार्ट स्कूल में गुरुवार को क्रिसमस गदरिंग का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर विनिफ्रेड ने कहा की यशु ने जिस प्यार को लोगो में बांटा है, आज उसी प्यार को जरूरत हर तरफ है। पूरे विश्व में प्यार को कमी हो गई है। चारों तफरत द्वेष पर प्रेम से ही विजय पाया जा सकता है। इसलिए प्यार को बांटने को जरूरत है। इस अवसर पर शिक्षक व विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत यशु राजा जन्मा है। कक्षा छह से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने झूमो-नाचो व गीत प्रस्तुत किया। कक्षा यूकेजी से लेकर पांचवी तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य व नाटिकायों कार्यक्रम सफल सफल रहा। जिंगल बेल, जिंगल बेल तथा नाचा चरवाहा झूम के गीत पर की गई प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर केक व उपहार बांटा। वहीं पर आयुष कुमार, अराल आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में सराहनीय भूमिका निभाया।

## भारत ज्ञान विज्ञान समिति का 33वां स्थापना दिवस मना

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को भारत ज्ञान विज्ञान समिति का 33वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर सीनियर वोलेंटियर शशिकला ने कहा कि स्थापना दिवस किसी भी संगठन के बैनर तले किये जा रहे कार्यों की असफलता व उपलब्धियों को लेकर कमजोरियों को चिन्हित करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इस मौके पर सभी वोलेंटियर को किसी भी विकट दौर में संगठन के महत्व को परिभाषित करते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि इस देश को सबका देश बनाने के सपने को साकार करने के लिए, इस संकल्प को दोहराते हुए संगठन की मजबूती को लेकर अपनी लड़ाई खुद लड़ने व दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में सत्यवंती देवी, सुरभि कुमारी, श्याम बिहारी सिंह, पुतुल कुमारी, सुल्तान अंसारी, ममता कुमारी, बसंत राम व हैदरनगर-मोहम्मदगंज प्रखंडों के अन्य कई वोलेंटियर शामिल थे। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कंचन विश्कर्मा ने की।

## गणित दिवस पर याद किए गये श्रीनिवास रामानुजन

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** मारिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में एम पब्लिक स्कूल किशुनपुर छकनबाग के प्रांगण में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर उन्हें याद किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत रामानुजन के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया।इसके बाद गणित प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जीवनी एवं उपलब्धि के बारे में विचार व्यक्त किया गया। मौके पर सोसाईटी के सचिव रूमी नाज नूरी तथा विद्यालय के निदेशक मो. परवेज आलम ने अपने संदेश में श्रीनिवास रामानुजन को भारत का गौरव बताया। साथ ही बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि गणित बहुत ही रुचिकर विषय है। जिसे औरिगेमी के माध्यम से खेल खेल में सीखा जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विवेक मवार, गुंजन सिंह, उज्जवल सिंह, पप्पू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, साकिब अनवर शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी, आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## कांग्रेस कमेटी ने किया पुस्तकालय का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**नावा बाजार।** गुरी पंचायत स्थित गुरी ग्राम में 1956 ईस्वी में स्वर्गीय रामवृक्ष मिश्रा के द्वारा खोले गये पुस्तकालय के मेन गेट का शिलान्यास किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयेश रंजन उपस्थित थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा कांग्रेस कमेटी प्रभारी संतोष चौबे जिला पदाधिकारी राजेश चौरसिया अर्जुन सिंह देवांग शुक्ला सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । पुस्तकालय का संचालन कर्त्ता मिथिलेश मिश्रा के द्वारा सभी अतिथियों को माला एवं शाल देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पुस्तकालय का खुलना एक महान कार्य है। स्वर्गीय मिश्रा जी की सोच बहुत ही ऊंची थी। जो ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय खोलें हुए थे। इसे अच्छी तरह संचालित करने की जरूरत है। पुस्तक ही एक ऐसा माध्यम है जिसे पढ़कर लोग समाज में विद्वान एवं ज्ञानी का दर्जा प्राप्त करते हैं।

# गणित दिवस सह श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनी

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा गुरूवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान गणितज्ञ रामानुजन के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर साथ ही प्रभारी प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक, शिक्षक प्रतिनिधि, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पहले महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवनी पर बनी फिल्म को दिखाया गया। जिससे कॉलेज के सभी कर्मचारियों एवं छात्रों ने शांतिपूर्ण तरीके से देखा। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने भारतीय गणित की उत्कृष्ट विरासत एवं प्राचीन गणितज्ञों के योगदान को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गणित का मानवता के विकास में बड़ा महत्व है। इस महत्व के प्रति लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना ही राष्ट्रीय गणित दिवस का मुख्य उद्देश्य है। प्रो. अमित कुमार सिंह ने छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के अवसर पर उनके गणित के क्षेत्र में असाधारण योगदान के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. राजमोहन ने किया वहीं कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रानी कुमारी ने की। मौके पर प्रो. अखिलेश कुमार सिंह, प्रो. राजकिशोर लाल, प्रो. राजमोहन, प्रो. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रो. अपराजिता प्रकाश, प्रो.इंदु कुमारी, प्रो. इंदु देवी, प्रो. सूर्योदय कुमार, प्रो. सुनीता कुजूर, प्रो. जैलेश , प्रो. रानी कुमारी, प्रो. रोहित कुमार, प्रो. प्रधान सहायक योगेंद्र विश्वकर्मा, पंचम कुमार, सुनील पासवान, राजेश रजक, संध्या देवी, बालमुकुंद पाठक शामिल थे।

## पैसों की अभाव में निर्माण कार्य नहीं करा पा रहे हैं लाभुक

# प्रधानमंत्री आवास लाभुकों को नहीं हो पा रहा दूसरे किस्त का भुगतान

नवीन मेल संवाददता

**नावा बजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना के सैकड़ों लाभुकों को दूसरी किस्त का भुगतान नहीं हो पा रहा। जिससे उनकी आवास निर्माण कार्य की गति ठहर सी गई है। वहीं आवास निर्माण कार्य को अविलंब पूरा कराने को लेकर प्रखंड के अधिकारियों की द्वारा लाभुकों पर दबाव भी डाला जा रहा है। ऐसे में लाभुकों के समक्ष एक बड़ी परेशानी बढ़ गई है। नतीजतन इस कोरोना काल में लाभुक प्रत्येक दिन प्रखंड व पंचायत की दौड़ लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर पहली किश्त के रूप में 40 हजार का भुगतान किया जाता है। वहीं आवास को डोर लेवल तक पहुंचने की स्थिति में पंचायत सेवक व पंचायत स्वयंसेवक की मौजूदगी में निर्माण



कार्य का वेरिफिकेशन करते हुए वर्तमान स्थिति को ऑनलाइन प्रविष्ट की जाती है। जिसके बाद दूसरी किस्त का भुगतान किए जाने की प्रक्रिया पूरी होती है। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा पंचायत के शंखा गांव निवासी लाभुक कलिंदा कुंवर व तोलरा गांव निवासी लाभुक गीता देवी अपनी आवास को डोर लेवल तक पूरा कराते हुए दूसरी किस्त प्राप्त होने का इंतजार कर रहे हैं। पंचायत सचिव और स्वयं सेवक के द्वारा जियो टैगिंग भी कर लिया गया है। साथ हीं फोटो भी एक्सेप्ट कर लिया गया है। वहीं आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने को लेकर दबाव डाला जा रहा है। साथ हीं प्राथमिकी दर्ज करने की भी धमकी दी जा रही है। वही पंचायत सचिव व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की मिलीभगत से कई सक्षम लोगों को भी आवास दी गई है। साथ हीं पूर्व कराए गए निर्माण कार्य को ही दिखा कर आवास की पूरी राशि की निकासी कर ली है। लाभुक कलिंदा कुंवर ने बताया कि पहली किस्त की 40 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। जिससे डोर लेवल तक निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता। ऐसी में पास पड़ोस के लोगों से कर्ज व दुकान से उधार सामग्री लेकर निर्माण कार्य को गति दी गई है। लेकिन आगे वे भी नहीं देना चाहते। ऐसे में निर्माण कार्य ठहर गया है। विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय व पंचायत में जाकर भुगतान कराने की मांग करते रहे हैं। लेकिन कोई पहल नहीं हो रहा। उन्होंने बताया की उपायुक्त के जनता दरबार में फरियाद लेकर जायेंगे।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–1. संतु भुईयां उर्फ संतोष, पे0–अकलु भुईयां उर्फ बन्धु उरॉव, सा0–करकटा, टोला–सियारभेका, थाना–नौडीहा, जिला–पलामू, 2. नवीन जी उर्फ सर्वजीत यादव उर्फ विजय, पे0–सिंधु यादव, सा0–बासबुटा, थाना–प्रतापपुर, जिला–चतरा, 3. प्रदीप जी उर्फ प्रदीप सिंह खरवार उर्फ चेरो, पे0–उपेन्द्र सिंह खरवार, सा0–बारियातु, थाना+जिला–लातेहार, 4. छोटू जी उर्फ छोटु सिंह पे0–नन्का पाहन उर्फ नरेश सिंह, सा0–सिकिद, थाना–हेरहंज (बालुमाथ), जिला–लातेहार, सभी राज्य–झारखण्ड, आप सभी को सूचित किया जाता है कि आप सभी भंडरिया थाना कांड सं0–26/2016 दिनांक–15.07.2016 धारा–147, 148, 149, 353, 302, 307, 504, 506, भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 3/4/5 वि0 पदा0 अधि0 एवं 38/39 यु0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आप सभी के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप सभी अपने–अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आप सभी को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 285734 Police(22-23)D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा
आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–1. संतु भुईयां उर्फ संतोष, पे0–अकलु भुईयां उर्फ बन्धु उरॉव, सा0–करकटा, टोला–सियारभेका, थाना–नौडीहा, जिला–पलामू, 2. नवीन जी उर्फ सर्वजीत यादव उर्फ विजय, पे0–सिंधु यादव, सा0–बासबुटा, थाना–प्रतापपुर, जिला–चतरा, 3. प्रदीप जी उर्फ प्रदीप सिंह खरवार उर्फ चेरो, पे0–उपेन्द्र सिंह खरवार, सा0–बारियातु, थाना+जिला–लातेहार, 4. छोटू जी उर्फ छोटु सिंह पे0–नन्का पाहन उर्फ नरेश सिंह, सा0–सिकिद, थाना–हेरहंज (बालुमाथ), जिला–लातेहार, सभी राज्य–झारखण्ड, आप सभी को सूचित किया जाता है कि आप सभी भंडरिया थाना कांड सं0–28/2016 दिनांक–25.07.2016 धारा–147, 148, 149, 342, 323, 452, 504, 506, 302 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 38/39 यु0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आप सभी के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप सभी अपने–अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आप सभी को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 285736 Police (22-23)_D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 198/2022-23/RWD/LATEHAR दिनांक :- 22.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/LATEHAR/09/2022-23 | सोनी पहाड़ से कुई होते हुए ग्राम कमारू तक पथ निर्माण कार्य (लं– 6.500 कि0मी0) | 6,36,93,300.00 | छः करोड़ छत्तीस लाख तेरानवे हजार तीन सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 03.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 17.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार के पक्ष में एवं लातेहार में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 285730 Rural Work Department(22-23)D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 200/2022-23/RWD/GARHWA दिनांक :- 22.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/GARHWA/25/2022-23 | करमाही से फुलवार तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.800 कि0मी0) | 7,18,78,100.00 | सात करोड़ अठारह लाख अठहत्तर हजार एक सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 03.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–17.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 18.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा के पक्ष में एवं गढ़वा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 285748 Rural Work Department(22-23).D

NEWS इन ब्रीफ

### डाक के माध्यम से धमकी भरे मिले पत्र से क्षेत्र में दहशत

**रमना।** गम्हरिया पंचायत के चना कला गाँव निवासी शिवपति बैठा को नक्सली संगठन टीपीसी पलामू के नाम पर डाक विभाग से पत्र भेज कर जान से मारने की धमकी दिया गया है। जानकारी अनुसार शिवपति बैठा को सोमवार को पत्र मिला है जिसमे टीपीसी के नाम से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि तुम जो डुगडुगी( ओझा- गुणी )बजाते हो बंद कर दो क्योंकि इससे आम लोग परेशान होते है। अगर गलत तरीके से पैसा कमाना है तो अपने घर के लोगो को कोठे पर बेच दो। यदि नहीं सुधारे तो गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र की एक घटना को जान लो,' नही सुधरने की स्थिति मे चौराहे पर खड़ा करके गोली मार दिया जाएगा।

### कुकर फटने से एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** शहर के रंका मोड़ स्थित श्री राम स्वीट्स रेस्टोरेंट में गुरुवार को कुकर फटने से उसमें काम कर रहे एक कारीगर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कारीगर बिहार के गया जिले के सलईया थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी जमेश प्रसाद का पुत्र बब्बन कुमार बताया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि बबन कुमार श्रीराम स्वीट स्टूडेंट में कारीगर का काम करता है। डोसा बनाने के लिए कुकर में आलू उबाल रहा था। इसी क्रम में कुकर फट गया।

### बाइक की चपेट में आने से नाबालिग घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के फरठीया गांव निवासी सकेंद्र चौधरी की पुत्री आरती कुमारी बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि आरती कुमारी अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे धक्का मार दिया।

### बाल्टी में डूबने से एक बच्चें की मौत

**भवनाथपुर।** गढ़वा थाना के चौकीदार सुरेंद्र पासवान के पुत्र विकी कुमार के डेढ़ वर्षीय बच्ची का गुरुवार को बाल्टी में भरे पानी मे डूब कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि गुरुवार को घर के सभी सदस्य अपने कार्य मे लगे थे। तभी छोटी बच्ची खेलते हुए पूजा रूम में चली गई जहां एक प्लास्टिक के बाल्टी में पानी रखा हुआ था। उसी में झांकने के दरम्यान बच्ची को डूबने से मौत हो गई।

### सीओ ने विद्यालय की जांच की

**चिनियां।** सीओ निशात अंजुम ने गुरुवार को चिनिया में स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय की जांच की । जिसमें बच्चे की शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की गई इस दौरान अंचलाधिकारी ने वर्ग कक्ष में जाकर बच्चे से विभिन्न विषयों के सवाल पूछे। मौके पर अंचलाधिकारी ने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ने की सलाह दी तथा अपना नाम रोशन करने की बात कही। तथा बगैर ड्रेस में पहुंचे छात्र छात्राओं को ड्रेस में आने की सलाह दी तथा ड्रेस में नहीं आने से शिक्षकों को अंचलाधिकारी ने फटकार लगाई, तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही।

### जागरूकता रैली निकाली गई

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड के नरही सीएलएफ के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरोध अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी व विद्यालय के छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली चितविश्राम उच्च विद्यालय परिसर से निकलकर मेन रोड होते हुए गांव के कई टोलों का भ्रमण करते हुये चितविश्राम पंचायत सचिवालय परिसर पहुंचकर रैली सम्पन्न हो गया। मौके पर असतरुन निशा, सुनीता देवी, ममता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**स्वीकृति : जल्द बनेगा मेराल-बाना-डंडई-अंबाखोरेया पथ**

# 2024 तक सभी सड़कें होंगी बेहतर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले का अति महत्वपूर्ण मेराल -बाना-अंबाखोरेया पथ का निर्माण करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस पथ के निर्माण से छत्तीसगढ़ एवं जिले के धुरकी प्रखंड स्थित सुखलदरी पर्यटन स्थल की दूरी काफी कम हो जाएगी। इसके निविदा निष्पादन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एनएच 75 मेराल से भागोडीह, बाना,हसनदाग, डंडई, कदवा होते हुए अंबाखोरेया तक करीब 37 किलोमीटर इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल सिंगल लेन होने, अत्यधिक ट्रैफिक एवं काफी जर्जर होने की वजह से इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। जिससे जानमाल का अधिक नुकसान होता है। करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से पथ निर्माण विभाग की ओर से सात मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे सुगमता पूर्वक आवागमन होगा एवं जान माल के नुकसान का भी खतरा कम होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह सड़क गढ़वा अनुमंडल से श्री बंशीधर नगर अनुमंडल को जोड़ेगा। इस सड़क से कई सुदूरवर्ती गांव एवं प्रखंड जुड़ेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ जाने के लिए प्रस्तावित बालचौरा पुल होते हुए छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला को यह सड़क जोड़ेगा। जो भविष्य में एक कॉरिडोर के रूप में छत्तीसगढ़ की दूरी कम करने के रूप में उपयोगी होगा। यह सड़क आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इससे नक्सल समस्या से निजात दिलाने में भी सहायता मिलेगी। इस सड़क के निर्माण से बहुत बड़ी आबादी लाभान्वित होगी। साथ ही पर्यटकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा प्रदान होगी। निविदा के सभी अवरोधों को दूर करते हुए निष्पादन कर दिया गया है। लोगों को जल्द ही जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी। मेराल एवं डंडई प्रखंड के लोगों के लिए यह नया साल का बड़ा उपहार है।

**सड़क की स्थिति काफी जर्जर थी : मिथिलेश**

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क की उपयोगिता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2024 तक गढ़वा की सभी ग्रामीण एवं अन्य पीडब्ल्यूडी सड़कों का बेहतर निर्माण कराया जा सके इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हैं। सड़कों की उपयोगिता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के सभी ग्रामीण एवं अन्य सड़कों की को सूचीबद्ध कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र को काफी उपेक्षित रखा था। परंतु अब गढ़वा की स्थिति काफी तेजी से बदल रही है।

**दहेज में कार की मांग को लेकर विवाहिता को मारने का प्रयास**

# महिला थाना में दर्ज नहीं हुआ मामला

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** दहेज के लिए ससुराल वालों की प्रताड़ना झेल रही आरती देवी अब दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है। उसके ससुराल में न सिर्फ उसकी पिटाई की गई। बल्कि गला दबाने व केरोसिन छिड़क कर मारने का भी प्रयास हुआ। किसी तरह ससुराल से निकल कर भागने के बाद गढ़वा महिला थाना में पहुंचने पर उसे न्यायालय जाकर मामला दर्ज कराने की नसीहत देकर भगा दिया गया। इससे विवश होकर आरती देवी व उसके पिता न्यायालय जाने की तैयारी में हैं। घायल आरती देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**क्या है मामला**

धुरकी थाना क्षेत्र के खाला गांव निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी की पुत्री आरती की शादी वर्ष 2019 में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी संजय चंद्रवंशी के पुत्र प्रेम कुमार से हुई थी। आरती देवी के अनुसार उसके पिता ने दहेज में नकद राशि के अलावा एक बुलेट मोटरसाइकिल दिया था। लेकिन बीटेक कर चुके प्रेम कुमार एक कार की मांग कर रहा था। ससुराल में अक्सर ही आरती को प्रताड़ित किया जाने लगा। हार-थक कर आरती देवी ने अपने मायके वालों की सलाह पर गढ़वा व्यवहार न्यायालय में वर्ष 2021 में मामला दर्ज कराया। बताया गया कि न्यायालय से मामला मेडिएशन में पहुंचा तो वहां प्रेम कुमार ने आरती को ठीक से रखने की बात कह कर पांच माह पहले अपने साथ ले गया। आरती के अनुसार ससुराल में उस पर मुकदमा को रफा दफा कराने को लेकर मारपीट भी किया जाने लगी। इस दौरान खाना में केमिकल मिलाकर उसे खिलाया गया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ी तो मायके वालों ही इलाज कराया। तब आरती को उसके पति ने गढ़वा में लाकर छोड़ दिया। तब उसने अपने भाई को बुलाकर गढ़वा से मायका पहुंची। आरती ने बताया कि आठ दिन पहले अपने भाई रविकुमार को लेकर आठ दिन पहले ससुराल गई थी। उसने बताया कि बुधवार के दिन में अचानक उसके सास, ससुर व पति ने मुकदमा उठाने व कार के लिए छह लाख रुपये मायके से मांग लाने के नाम पर विवाद शुरू किया। इसके बाद उसकी पिटाई करते हुए उस पर केरोसिन उड़ेल दिया गया। किसी तरह वह वहां भाग निकली। जबकि गढ़वा महिला थाना में जाने के बाद उसका मामला दर्ज नहीं किया गया।

# आदमखोर तेंदुआ ने बछड़े पर किया हमला, भय व्याप्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के सीदे गांव में बीती रात आदमखोर तेंदुआ ने एक गाय के बछड़े पर हमला कर दिया। जिससे गाय के बछड़ा बुरी तरीके से घायल हो गया है। तेंदुआ ने गाय के बछड़े की गर्दन को जकड़ा देख गाय तथा अन्य पशुओं की झुंड ने तेंदुआ को भगाने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार चिनिया थाना क्षेत्र के सीदे गांव निवासी पशुपालक बिंदु यादव अपने घर से कुछ ही दूरी पर गौशाला मे अपने कई अन्य पशुओं को बांधकर रखा था। जब पशुपालक आज सुबह अपने पशुओं को चराने के लिए गौशाला से निकालने पहुंचे तो देखा कि उससे गाय के बछड़े की गर्दन से खून निकल रहा है तथा हुआ बुरी तरीके से घायल है । वही आसपास तेंदुए का निशान भी देखा गया । जिसकी सूचना पशुपालक ने चिनिया वन विभाग को दे दी है । तथा गांव में तेंदुआ के आ जाने से लोगों में भय का माहौल व्याप्त है । मामले में प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सीदे गांव में तेंदुआ आने की सूचना मिली थी, जहां वन विभाग की टीम पहुंचकर स्थल का मुआयना कर तेंदुआ की आने की खबर को सही पाया, वही उन्होंने बताया कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए आज सीदे गांव में पिंजरा लगाया जा रहा है, जब तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जा रहा है तब तक लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें।

**जागरूकता : लैंगिक शोषण के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान**

# शोषण के विरुद्ध हौसला बुलंद करें

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनीयां ।** स्कूलों में हो रहे लैंगिक शोषण के विरुद्ध चिनिया पुलिस के द्वारा गुरुवार को उत्कर्मित प्लस टू मध्य विद्यालय चिनिया में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मौके पर उपस्थित चिनिया अंचलाधिकारी निषात अंजुम व राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे उपस्थित रहे। वहीं छात्रों को संबोधन करते हुए चिनीयां पुलिस अवर निरीक्षक दयानंद कुमार यादव ने कहां की लैंगिक शोषण के विरुद्ध स्कूली बच्चे अपने हौसला को बुलंद कर आवाज उठाएं कोई भी मामले दबे नहीं, बल्कि पुलिस तक पहुंचे इसके लिए यह कोशिश की गई है । अगर कोई भी असामाजिक तत्व के लोग छेड़खानी की कोशिश करता है या किसी भी कोई अन्य घटना हो तो वह पुलिस के द्वारा जारी किया गया हेल्प लाइन नंबर 112 पर संपर्क करें संपर्क करने वाले की गोपनीयता रखी जाएगी । और आपके द्वारा सूचना देने से असामाजिक तत्वों के लोगों में भय व्याप्त रहेगा, आज के समय में बच्चे भय के कारण या समाज की दर से अपने मां-बाप के सामने खुलकर नहीं बोलते हैं जिससे अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का मनोबल बढा रहता है, तो ध्यान रहे ऐसा बिल्कुल ही नहीं करना है आप अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सजा दिलाने में पुलिस को मदद करें । मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर चंद्रमौलेश्वर पांडे, शिक्षक सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता, शिक्षक उपेंद्र प्रसाद, समीर राज, गोविंदा कुमार, दुर्गेश कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे-।

# महान गणितज्ञ रामानुज की मनी जयंती, लगे फूड स्टॉल

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर ।** भवनाथपुर नगरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान में महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन के जन्मदिन को गणित दिवस 22 दिसंबर के रूप में मनाते हुए फूड स्टॉल लगा बच्चो द्वारा अपनी कला का प्रदर्शनी किया गया। इसमें कक्षा पांचवी से दशम तक के बच्चे शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ब्रजेश कुमार सिंह जी ने इस कार्यक्रम का महत्व बताया की गणित के प्रति रुझान बढ़ाने व गणित का भय दूर करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस तरह फूड स्टॉल पर फूड प्रेजेंट कर उसके बारे में गणित से जोड़ा जाए और रियल लाइफ एक्सपीरियंस से जोड़ा जाए। आयोजन के मुख्य अतिथि सिंदुरिया के माननीय मुखिया श्री नन्द लाल पाठक थे।अतिथियों ने सभी फूड स्टॉल का अवलोकन किया व अपनी-अपनी राय दी और बच्चों को महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जीवनी से परिचय इस दौरान प्रमुख रुप से विद्यालय के अध्यक्ष श्री शंकर सुवन श्रीवास्तव, सचिव श्री अरविंद प्रताप सिंह सेंगर,अभिभावक प्रतिनिधि श्री बालेश्वर बैठा, सदस्या माया दास, शांति कुमारी, सभी आचार्य जी, दीदी जी, कर्मचारी बंधु भागनी सहित मौजूद रहे।

# प्रखंड स्तरीय ग्राम पंचायत सहज कार्यकर्ता दल की प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** जन योजना अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना हेतु प्रखंड स्तरीय ग्राम पंचायत सहज कार्यकर्ता दल की तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को प्रखंड के सभागार में शुरू किया गया। जिसकी शुरूआत बीडीओ अरुण कुमार सिंह पंचायती राज के कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार एवं जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम मे जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023एव 24 के लिए जन उपयोगी योजना का चयन करना है। इसके लिए सहजकर्ता दल ग्रामसभा के माध्यम से योजना का चयन कर इसे वित्तीय वर्ष में शामिल कर सकते हैं। योजना से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि जन योजना अभियान में स्वास्थ्य से संबंधित मनरेगा से संबंधित 15 वित्त से संबंधित योजना का चयन करना है। जिसे अधिक से अधिक से अधिक योजना को प्राथमिकता मिलेगी इसको लेकर आप सभी सहजकर्ता दल के कार्यकर्ता को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी सहजकर्ता दल उपस्थित थे।

**2023-24 के लिए जन उपयोगी योजना का चयन करना : बीडीओ**

**डीडीसी ने प्रखंड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक**

# श्रमिकों को पलायन रोकने के निर्देश



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को विकास कार्य को लेकर डीडीसी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की आयोजन की गई। डीडीसी ने मनरेगा में कम मानव दिवस की उपलब्धियों पर संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव रोजगार सेवक को कड़ी फटकार लगाई। डीडीसी ने सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक गांव में मनरेगा योजना तत्काल चालू करने के लिए बीडीओ गणेश महतो को निर्देशित किए,ताकि श्रमिकों का पलायन रुक सके। प्रखंड में लंबित प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूरा कराने का भी निर्देश दिए। संबंधित पंचायत सचिवों को कई आवश्यक निर्देश दिए।डीडीसी ने कहां की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को भी जोड़ा जाए। शिक्षा विभाग से समीक्षा बैठक में सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना में अधिक से अधिक लाभ दिलाने को लेकर निर्देशित किए। एवं सुखाड़ योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को भी लाभान्वित करने के लिए बीडीओ को निर्देशित किया।साथ ही कई विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।वही अनाथ बच्ची रानी कुमारी को डीडीसी ने पढ़ाई के लिए पाठ्य सामग्री दिया एवं आर्थिक रूप से मदद करने की बात कही।प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को मांग पत्र के माध्यम से डीडीसी को ध्यान आकृष्ट कराया।डीडीसी ने जनप्रतिनिधियों को जल्द उक्त समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। मौके पर बीडीओ गणेश महतो, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, मुखिया मंजू देवी,स्वेता देवी, मंशा देवी, प्रमोद राम,पूर्व मुखिया शिवकुमार प्रसाद यादव, बीडीसी विकास सिंह, कृष्णा राम, बीपीओ डिम्पल गुप्ता, जेई वरुण कुमार, नीतीश कुमार, वसीम अकरम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भवनाथपुर पुलिस के द्वारा वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को भवनाथपुर बाजार व देवी धाम के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के क्रम में दो पहिया , तीन पहिया वाहन एवं अन्य सभी वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के आवश्यक कागजात, हेलमेट की जाचं की गयी। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। वही इस संबंध में थाना प्रभारी सतीस महतो ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना वाहन न चलाए नहीं एवं वाहन का कागजात रखे नहीं तो करवाई होगी। वाहन चेकिंग में एगारह बाइक व सात ऑटो जब्त कर चालान किया गया है।

### पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा में आयोजित झारखंड राज्य साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये झारखंड ओलंपिक के पदाधिकारियों ने गुरुवार को बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना किया। बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों मेंझारखण्ड एथेलेटिक्स संघ के महासचिव सीडी सिंह, सीईओ सह उपाध्यक्ष झारखण्ड ओलंपिक संघ एस के पांडेय, झारखण्ड एथलेटिक्स संघ संयुक्त सचिव आशु भाटिया, ओलंपिक संघ साहिबगंज के अध्यक्ष राजेश कुमार,साइकलिंग संघ धनबाद के उपाध्यक्ष शशिकांत पांडेय, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी ,आदि के नाम शामिल है। सभी पदाधिकारियों को गढ़वा ओलंपिक संघ के सदस्य तथा गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय ने अपने सहयोगियों के साथ बाबा बंशीधर की फोटो तथा पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर आचार्य सत्यनारायण मिस्त्र, शांति भूषण पांडेय, कुंदन सिंह, राहुल पांडेय, सचिन पांडेय, शुभम पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

### छात्रों को किया गया जागरूक

**धुरकी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार के दिन धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार के द्वारा जेंडर इक्वलिटी एंड वायलेंस एजेंट्स चिल्ड्रन एंड ओमेन के तत्वाधान में स्कूल के सभी छात्राएं को जागरूक किया. जागरूक करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि महिला हिंसा वह जेंडर की क्वालिटी पर रोक थाम के लिए सरकारी विभाग के साथ साथ समाज के हर वर्ग आगे आने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाना चाहिए। मौके पर विद्यालय के वार्डन अर्चना कुमारी ने बताया कि जेंडर इक्वलिटी एंड वायलेंस एजेंट के तहत सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की जानकारी रखनी होगी। प्रत्येक महिला को दुसरे महिला के प्रति समान भाव रखना चाहिए

### एफसीआई गोदाम निर्माण कार्य में अनियमितता

**भवनाथपुर।** झामुमो भवनाथपुर प्रखण्ड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने प्रखण्ड परिसर में भवन प्रमंडल विभाग के द्वारा निर्माण कराए जा रहे एफसीआइ गोदाम निर्माण कार्य का झामुमो प्रखण्ड कमिटी के सदस्यों के साथ दौरा कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ने पाया कि निर्माण कार्य में लगाया जा रहा इंट एवं छरी गुनवकता पूर्ण नहीं है। हांथ में ईंट लेकर दबाने पर धूल हो जा रहा है। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन ने स्थल से ही विभागीय जेई को दूरभाष से बात कर कार्य में सुधार कराने को कहा। इस संबंध में झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी की सरकार में सरकारी कार्य में अनियमितता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उपरोक्त कार्य में सुधार नहीं होने पर मामले कि शिकायत माननीय मुख्यमंत्री,पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री,विभागीय मंत्री, उपायुक्त गढ़वा एवं विभागीय कार्यपालक अभियंता को लिखित रूप से करेंगे।

**कार्रवाई | पदाधिकारी ने अवैध क्लीनिक पर छापामारी की**

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सील

**नवीन मेल संवाददाता**



**मंझिआंव/गढ़वा।** गढ़वा जिला उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश के बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टरों का मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वही झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर अपना क्लीनिक चला रहे हैं। तथा उनका कारोबार अवैध रूप से फल-फूल रहा है। वही जिला उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार भास्कर के द्वारा अवैध रूप से संचालित संजीवनी क्लीनिक पर छापा मारा एवं अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील कर दिया। इसकी भनक डॉक्टर बी शर्मा को मिलते ही वह पीछे के दरवाजे से भागने में सफल रहा। गौरतलब है कि संजीवनी क्लीनिक के संचालक झोलाछाप डॉक्टर बी शर्मा के द्वारा कुछ दिन पहले खेत में लेटा कर कैंसर पीड़ित मरीज को इलाज करने का मामला प्रकाश में आया था जिसकी खबर सभी पेपर में बड़े ही प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। कैंसर पीड़ित मरीज का इलाज खेत में लेटा कर कचरे के ढेर के समीप किया जा रहा था। यह मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर दिया गया था।परंतु मरीज अखौरीतहले स्वर्गीय सुदामा राम के पुत्र अरविंद कुमार चंद्रवंशी को अपने दलालों के माध्यम से अपने संजीवनी क्लीनिक में इलाज के लिए बुलाया गया था। इसकी जानकारी पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई थी। तत्पश्चात मामला अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के संज्ञान में आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर अंचल निरीक्षक धनलाल उरांव को भेजकर जांच कराकर चिकित्सक को फटकार भी लगाई थी और डॉक्टर बी शर्मा को अधिकृत डिग्री सर्टिफिकेट दिखाने को 24 घंटा के अंदर दिया गया था साथ ही कार्रवाई करने की बात कही गई थी। वही अंचलाधिकारी के द्वारा नोटिस भेजा गया था कि आप कैंसर चिकित्सक क्योंकि आपके द्वारा दिनांक 12 दिसंबर 2022 को अपने चिकित्सालय के बगल के खेत में कैंसर पीड़ित का इलाज किया जा रहा था। आप चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14 दिसंबर 2022 को समय 3:00 अपराहन में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।आप ससमय चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरुद्ध भारतीय सलय चिकित्सा एक के एक्ट के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान संजीत तिवारी, विवेक सोनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी प्रखंड कर्मी, स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### युवा छात्रों ने निकाली आक्रोश रैली

**गढ़वा।** नियोजन नीति 2021 में सुधार हेतु गढ़वा युवा छात्र की ओर से छात्र आक्रोश महारैली का आयोजन किया गया रैली कन्या मध्य विद्यालय से चलकर रंका मोड़ पहुंचा। उससे पूर्व डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम के सामने छात्रों ने सीएम हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर छात्रों ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी नियोजन नीति लागू की जिसे न्यायालय ने रद्द कर दिया। ऐसे में तुरंत सरकार 15 दिनों के अंदर नया नियोजन नीति लागू करें। छात्रों ने कहा कि झारखंड के छात्र एक संवैधानिक झारखंड नियोजन नीति चाहते हैं। झारखंड में युवा विरोधी नियोजन नीति लागू करना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्रों ने कहा कि सरकार उच्च न्यायालय द्वारा नियोजन नीति रद्द किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कह रही है। ऐसे में छात्रों का भविष्य अंधेर में है। मौके पर संजय कुमार आनंद कुमार आकाश कुमार आदि मौजूद थे।

